लोक सभा अध्यक्ष श्रीमती सुमित्रा महाजन लोक सभा के दलों के नेताओं के साथ बैठक के दौरान लोक सभा की वर्तमान वेबसाइट के नवीन संस्करण का शुभारम्भ किया।

लोक सभा अध्यक्ष श्रीमती सुमित्रा महाजन ने दिनांक 25 नवंबर 2015 को संसदीय सौध में लोक सभा के दलों के नेताओं के साथ बैठक की। इस अवसर पर माननीय लोक सभा अध्यक्ष, श्रीमती सुमित्रा महाजन ने लोक सभा की वर्तमान वेबसाइट के नवीन संस्करण का शुभारंभ किया। यह वेबसाइट अनेक नई विशेषताओं से युक्त है और भारत सरकार की वेबसाइटों से संबंधित दिशा-निर्देशों को पूरा करती है तथा अंतर्राष्ट्रीय मानदंडों के अनुरूप है।

2. लोक सभा की वेबसाइट को अंतिम बार वर्ष 2006 में पुन: डिजाइन किया गया था। इस वेबसाइट को अधिक आकर्षक, विशद, सजीव, सुगम, सुग्राह्य और प्रयोक्ता अनुकूल बनाने के लिए इसमें कई नई विशेषताएँ जोड़ी गई हैं और कुछ विद्यमान विशेषताओं में सुधार किया गया है जिनका विवरण इस प्रकार है:-

i. मुख्य पृष्ठ पर संसद भवन के चित्र की पृष्ठभूमि के साथ भारत की विविधतापूर्ण संस्कृति और लोक जीवन को दर्शाती एक सचल चित्रावली दी गई है;

ii. कैलेंडर को इस प्रकार तैयार किया गया है कि इसमें सभा के कार्यों, समिति की बैठकों की समय-सारणी, कार्य सूची, पुनरीक्षित कार्य सूची, अनुपूरक कार्य सूची, प्रश्न सूची, समाचार भाग-1 और भाग-2 इत्यादि को किसी एक तिथि पर एक क्लिक करके प्राप्त किया जा सकता है;

iii. जन प्रतिनिधियों (संसद सदस्य) से संबंधित जानकारी तुरंत उपलब्ध कराने हेतु 'अपना प्रतिनिधि खोजें' नामक एक विशेष लिंक प्रदान किया गया है;

iv. लोक सभा से संबंधित 'आज का वाद-विवाद', 'विधेयक खोज', 'समिति की बैठकें' और सभा का कार्य (आज और कल) से संबंधित सूचना सुगमता से प्राप्त करने के लिए मुख्य पृष्ठ पर ही विशेष लिंक दर्शाए गए हैं;

v. मुख्य पृष्ठ पर 'संविधान सभा' से संबंधित एक सचित्र लिंक प्रदान किया गया है;

vi. 'सदस्यों का दल-वार प्रतिनिधित्व' प्रदर्शित करने वाला एक रंगीन पाई चार्ट दिया गया है;

vii. इस संस्करण को कमजोर दृष्टि के साथ-साथ निशक्त एवं दृष्टिबाधित जनों के भी अनुकूल बनाया गया है;

viii. मुख्य पृष्ठ पर संसदीय घटनाओं का सचित्र प्रस्तुतीकरण एक स्लाइड शो के रूप में दिया गया है;

ix. मुख्य पृष्ठ पर ' भासी भ्रमण' के वीडियो के लिए एक सचित्र लिंक प्रदान किया गया है। इसी प्रकार संसद परिसर में स्थित चित्रों, चित्रकारियों/छायाचित्रों तथा मूर्तियों एवं वक्ष प्रतिमाओं के लिए भी सचित्र लिंक प्रदान किए गए हैं;

x. संसदीय प्रश्नों के उत्तरों के हिंदी संस्करण प्रदर्शित किए जाने की व्यवस्था की गई है।